हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

11 प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भिवानी में अहम ...



12 मंत्री नागर ने किया आयुष्मान के नोडल...





## खबर संक्षेप



चरखी दादरी। ग्रामीणों के धरने को पर चर्चा करते डॉ. मनीषा सांगवान।

### डॉ. मनीषा ने नशे के खिलाफ धरने का किया समर्थन

**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान गांव समसपुर में नशे के खिलाफ चल रहे धरने पर समर्थन देने पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों को नशे के खिलाफ संघर्ष में सहयोग का भरोषा दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए मातृशक्ति सड़क पर बैठी हैं , लेकिन सरकार और प्रशासन अभी भी गंभीरता नहीं दिखा रहा। गर्ल्स स्कूल के पास तक नशेड़ियों के खुलेआम जमावड़े लग रहे हैं, फिर भी पुलिस और संबंधित विभाग मौन बने हुए हैं। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि समसपुर के ग्रामीणों की यह लड़ाई अब पूरे क्षेत्र की लड़ाई बन चुकी है। केवल झूठे आश्वासन नहीं, बल्कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### 31 को कैबिनेट मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**भिवानी।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर जारी हड़ताल आज 15वे दिन भी जारी रही। आज धरने की अध्यक्षता राजेंद्र धनाना व संचालन सुमित मुंढाल ने किया।
रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के चलते आज महंगाई, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। लगातार बढ़ते डीजल पेट्रोल के दामों के चलते खाने पीने, किराए भाड़े बढ़ गए है। जिसके चलते आम जनता का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी 19 सालों से सरकारों की सेवा कर रहे है मगर भाजपा सरकार ने एक भी कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की है और न ही किसी सफाई कर्मचारी को पक्का किया है। कमरतोड़ महंगाई के बावजूद पिछले तीन सालों से वेतन बढ़ोत्तरी भी नहीं की गई है। भाजपा सरकार की कर्मचारी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### बंद मकान से लाखों रुपये का सामान चोरी

**नारनौल।** गांव भूषण कलां में बंद मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मामले में थाना सदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भूषण कलां निवासी कैप्टन प्रताप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई को अपने बेटे के पास दिल्ली गए हुए थे। घर के बाहर लगे पौधों में पानी देने के लिए उन्होंने गेट की चाबी रिंकू पुत्र विजय कुमार को दे रखी थी। जब 27 मई की सुबह करीब आठ बजे रिंकू जब पौधों में पानी देने पहुंचा, तो उसने देखा कि बाहर रखी इन्वर्टर बैटरी का पानी और ढक्कन बिखरे पड़े हैं। इसके बाद उसने मुख्य गेट की जांच की, तो घर का ताला टूटा मिला। जांच में घर से 40 हजार रुपये नकद, डेढ़ तोला सोने की चेन, दो चांदी के बिस्कुट, 10 चांदी के सिक्के, चार गैस सिलेंडर, एक इन्वर्टर और उसकी बैटरी चोरी मिली।

## परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर्मचारियों ने जताया रोष

# भत्तों के भुगतान को लेकर रोडवेज कर्मियों का प्रदर्शन

कर्मचारियों ने दिसंबर 2024 से रात्रि ठहराव भत्ता लंबित होने का आरोप लगाया

- कर्मचारियों ने लंबित भत्तों और मेडिकल बिलों के भुगतान की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शुक्रवार को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर परिवहन मंत्री के नाम महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। धरना प्रदर्शन में मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डिपो प्रधान राजकुमार, तालू ,विजय चोपड़ा लौहारु, सचिन कुण्डु, जयपाल ,ऋषि प्रकाश,सोनू, सुरेश कुमार, मोलि शर्मा आदि नेताओं ने बताया कि मोर्चे द्वारा समय-समय पर चालक,परिचालकों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में ईमानदारी से जनता की सेवा कार्य उपरांत देय भत्तों का भुगतान समय पर न करने बारे मौखिक एवं लिखित मांग पत्र देकर अवगत करवाया जा रहा है, परंतु महाप्रबंधक द्वारा देय भत्तों का भुगतान समय पर नहीं करवाया जा रहा है। हमारे डिपो का रात्रि ठहराव भत्ता दिनांक दिसम्बर 2024 से पेंडिंग है एवं बहुत से कर्मचारियों की एल. टी.सी व मेडीकल बिल पेंडिंग हैं।




भिवानी। मांगों को लेकर बस अड्डे पर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।

### भत्तों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की चेतावनी

नेताओं ने बताया अनिल विज परिवहन मंत्री द्वारा 5 नवम्बर को पत्र जारी विभाग के सभी महाप्रबंधकों को कर्मचारियों के वेतन रात्रि ठहराव भत्ता, ओवर टाईम भत्ता अल टी सी, शिक्षा भत्ता आदि देय भत्ते एवम् लाभ समय पर देने के लिखित आदेश दिए गए थे।परिवहन मंत्री के लिखित आदेशों के बाद भी महाप्रबंधक द्वारा अब भी देय भत्ते समय पर नहीं दिए जा रहे है। कभी बजट का बहाना बनाया जा रहा, कभी बजट पर कैप लगने का बहाना बनाकर देय भत्ते समय पर नहीं दिए जा रहे है।जिससे कर्मचारियों को बहुत आर्थिक नुकसान हो रहा है एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। परिवहन मंत्री द्वारा कर्मचारियों के देय भत्तों का भुगतान समय पर देना सुनिश्चित एवम् बजट पर बार - बार कैप लगने का समाधान नहीं किया गया तो सांझा मोर्चा के पूर्व में घोषित सभी मण्डलों पर विरोध प्रदर्शन करके ज्ञापन देंगे। जिनकी तिथियां इस प्रकार हैं। 5 जून को हिसार,16 जून को अम्बाला, 24 जून को गुरुग्राम, 2 जुलाई 2026 को रोहतक, 9 जुलाई को करनाल,16 जुलाई को फरीदाबाद। अगर फिर भी आप द्वारा कर्मचारियों की मांगों एवं देय भत्तों का भुगतान समय पर देना सुनिश्चित नहीं किया तो आप माननीय परिवहन मंत्री के आवास अम्बाला छावनी पर दिनांक 25 जुलाई को प्रदर्शन करके न्याय मार्च किया जाएगा।




बवानीखेड़ा। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) कमेटी के सदस्यों द्वारा विरोध जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### रेट बढाए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

- क्रूड आयल के दाम गिरे, पेट्रोलियम पदार्थो के रेट बढ़े

**बवानीखेड़ा।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब क्रूड ऑयल के दाम गिरे और जब रूस से सस्ता तेल खरीदा, तो भी सरकारी और निजी बड़ी-बड़ी तेल कंपनियों ने तेल के रेट नहीं घटाये, लोगों को राहत नहीं दी और प्रतिदिन अरबों-खरबों का मुनाफा कमाया। अब भी तेल कंपनियों को कोई घाटा नहीं हो रहा है। पहले से 'कम आमदनी' होने को घाटे बताकर तेल कंपनियों द्वारा की गई दाम बढ़ोतरी एकदम से नाजायज है और पहले से गरीबी, महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रही आम जनता पर भयंकर आर्थिक हमला है। अमेरिका-ईरान युद्ध का फायदा उठाते हुए केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए तेल व गैस के दाम बढ़ाये हैं। इससे आम जनता के जनजीवन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। संगठन के जिला कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह कटारिया ने कहा कि एमएसपी नया कानून किसान-विरोधी है। इसे रद्द करें और सभी फसलों का सी250प्रतिशत यानी लागत का डेढ़ गुना दाम पर एमएसपी पर खरीद की गारन्टी दे। किसान नेताओं ने सभी आम लोगों से तेल, गैस, दूध, एनपीके खाद आदि की इस नाजायज मूल्य वृद्धि का जोरदार विरोध करने और सरकार को कीमतें वापिस लेने को मजबूर करने का आह्वान किया।



बवानीखेड़ा। 440 केवी की हाईटेशन लाईन को लेकर उपस्थिजन।

## हाईटेंशन लाइन को लेकर लोगों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

सिवानी से सोनीपत तक पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा 440 केवी की हाईटेशन लाईन भिवानी जिले के सिवानी, तोशाम, बबानी खेड़ा व भिवानी तहसील के विभिन्न गांव खेतों के माध्यम से निकालने का प्रस्ताव है। जहां से यह लाइन निकलेंगी उन खेतों में किसान भविष्य में किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कर सकता, होल्टीकल्चर, पोल्टरी फार्म,डेयरी फार्म और उद्योग आदि स्थापित नहीं कर सकता है। जमीन की कीमत भी नाम मात्र की रह जाएेगी। भारत सरकार द्वारा वर्तमान और भविष्य को ध्यान मे रखते हुए किसानों को उनकी जमीन का वास्तविक मूल्य मिले इसको लेकर पॉलिसी निर्धारित की है जो कि हरियाणा राज्य में 2 जून 2025 से लागू है। परन्तु भिवानी प्रशासन व प्रावरग्रिड की मिलीभगत से जमीनों के जो रेट खुले है वो वास्तविक रेट से कई गुणा कम है। वास्तविक व वाजिब मूल्य के लिए किसानों ने14 मई को जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके लिए स्वयं उपायुक्त ने 3 जून तक का किसानों से समय मांगा था।

गौरतलब यह है कि पावरग्रिड कर्मी आए दिन किसी न किसी गाँव के खेतों में कैन्स्ट्रेक्शन का काम करने के लिए जाते रहते है। इसी कड़ी में आज सुमरा खेडा गांव में दो बार पावरग्रिड कर्मी व पटवारी अनिल को लेकर खेतों में टीक मार्क करने के लिए मशीनों सहित पहुँचे परन्तु मौके पर उपस्थित किसानों के साथ कहा सूनी हुई। पॉवर ग्रिड के कर्मियों को बिना निशानदेही किए वापिस लोटना पड़ा।

**ये रहे मौजूद**

किसानों का कहना है कि जब तक जमीन का वास्तविक मूल्य नहीं मिल जाता और खातों में पैसा नहीं आ जाता है तब किसी प्रकार का खेतों में पावर ग्रिड काम शुरू न करें। इस मौकें पर अखिल भारतीय किसान सभा तहसील प्रधान राजेश कुंगड, तहसील सचिव रामोतार भाकर, सुधीर सांगवान, रमेश श्योराण, अत्तरसिंह कोठारी, रघवीर मलिक, धनसिंह और अनिल श्योराण शामिल रहे।

## नर्सिंग एसोसिएशन का अपने कार्यक्षेत्र से बाहर टेली ईसीजी ट्रेनिंग लेने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स को टेली ईसीजी ट्रेनिंग करने के स्वास्थ्य विभाग के फरमान को प्रदेश की नर्सिंग ऑफिसर्स ने सिरे से नकार दिया है। नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग में ईसीजी तकनीशियन भर्ती नहीं किए हैं, जिसके चलते नर्सिंग कैडर पर एक ओर अतिरिक्त कार्य का भार डाला गया है, ये न्यायसंगत नहीं है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता बांगड़ ने कहा कि उन्हें गत 24 मई को पता चला कि महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा सभी सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से हरियाणा में टेली ईसीजी ट्रेनिंग के लिए नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई थी, ये कार्य नर्सिंग के कार्यक्षेत्र में नहीं आता है, लेकिन सभी जिलों के सिविल सर्जन ने नर्सिंग स्टाफ पर ट्रेनिंग के लिए दबाव बनाया और ट्रेनिंग नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को लिखा।

**नर्सिंग स्टाफ पर बढ़ता कार्यभार**

नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से डीजीएचएस के समक्ष इसका विरोध दर्ज करवाया। पूरे हरियाणा में बहुत बड़े स्तर पर स्वास्थ्य विभाग ने ईसीजी मशीनें खरीदी हैं, इन्हें ऑपरेट करने के लिए विभाग में कोई ईसीजी तकनीशियन भर्ती नहीं किए हैं। नर्सिंग कैडर पर अतिरिक्त कार्य का भार पत्र के माध्यम से डाला गया है। बांगड़ ने कहा कि नर्सिंग कैडर के अपने मरीजों की देखभाल के साथ-साथ ओर भी बहुत से कार्य जैसे-फार्मेसी, लैब टेक्नीशियन, ब्लड कलेक्शन (जो लैब टेक्नीशियन का कार्य है), कोल्ड चेन, बिना डॉक्टर के डिलीवरी, ब्लड ट्रांसफ्यूजन, टांके लगाना, केन्यूला लगाना, मरीजों के एडमिशन व डिस्चार्ज करना, रेफर बनाना, कम्प्यूटर का कार्य, बिना डॉक्टरों के डिलीवरी करवाना तथा इवनिंग एवं नाइट में जहां डाक्टर उपलब्ध नहीं है, वहां नर्सिंग ऑफिसर ही सेवाएं दे रही है।

## सैनी ने किया लोहारु के ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

- लोहारू इलाके के लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं और नए स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में लोहारू उपमंडल नागरिक अस्पताल परिसर में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित नई ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का शुभारंभ किया। नई यूनिट के शुरू होने से लोहारू इलाके के लोगों को बेहतर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान उपमंडल नागरिक अस्पताल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और अस्पताल स्टाफ ने हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री सैनी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया।



लोहारू। उपनागरिक अस्पताल में नई ब्लॉक यूनिट का वर्चुअल तरीके से शुभारंभ करते सीएम नायब सिंह सैनी का प्रसारण देखते लोहारू स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर दिया जोर**

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नए स्वास्थ्य संस्थानों और इकाइयों के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

**मिलेगी सुविधाएं**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ आधुनिक तकनीकों एवं सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को अपने नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पा रही हैं।

## सीबीएलयू का तीसरा शैक्षणिक भवन बनकर तैयार

- इसी शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को मिलेंगी हाईटेक बेहतर सुविधाएं
- विवि की कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने किया तीसरी नए शैक्षणिक भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थी किसी भी संस्था की रीढ़ होते हैं । चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवतापूर्ण, रोजगारपरक, संस्कारी शिक्षा, बेहतर सुविधाओं के साथ प्रदान करने को कृत संकल्पित है। यह कहना है चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी का।

उन्होंने आज विश्वविद्यालय में लगभग 74 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे तीसरे शैक्षणिक शानदार भवन का निरीक्षण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का तीसरा शैक्षणिक भवन जल्द ही बनकर तैयार हो रहा है और इसी शैक्षणिक सत्र में इसके एक हिस्से में कक्षाएं प्रारंभ हो जायेंगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का तीसरा शैक्षणिक भव्य भवन अत्याधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से सुसज्जित होगा जिसमें कुल 45 क्लास रूम में से 34 स्मार्ट रूम तथा 4 डिजिटल क्लास रूम होंगे। विद्यार्थियों के लिए दो लाइब्रेरी होंगी जिनमें से एक ई लाइब्रेरी होगी जो पूर्णतया डिजिटल होगी।



भिवानी। नवनिर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**विवि में 88 कोर्सेज का संचालन**

विश्वविद्यालय द्वारा कुल 88 कोर्सेज संचालित किए जा रहे हैं जिनमें से 25 डिप्लोमा कोर्सेज शामिल हैं जिनकी कक्षाएं सप्ताहांत के दो दिन शनिवार तथा रविवार को लगेंगी। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में विद्यार्थियों को पूर्णतया सहभागी बनाया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोर्सेज में दाखिला लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं।

## शिक्षा बोर्ड से 03 अधिकारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सुनीता देवी (कर्मचारी कोड-319) व सुनीता देवी (कर्मचारी कोड-350) सहायक सचिव के पद से तथा सुनीता (कर्मचारी कोड-540) अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने सेवानिवृत्त हुई तीनों अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा उनके सुखमय व आनंदमय जीवन की कामना की।

उन्होंने बताया कि सुनीता देवी(319), सहायक सचिव 36 वर्ष 11 महीने 19 दिन व सुनीता देवी(350), सहायक सचिव 36 वर्ष 09 महीने 07 दिन एवं सुनीता, अधीक्षक 30 वर्ष 09 महीने 29 दिन तक बोर्ड में अपनी सेवाएं देने उपरान्त सेवानिवृत्त हुई हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुई तीनों अधिकारियों को उनके कार्य के प्रति समर्पण और लम्बी सेवा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों के फलस्वरूप शिक्षा बोर्ड प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि बोर्ड कर्मी अपनी सक्रिय सहभागिता को बढ़ाते हुए पूर्ण कत्त्रव्यनिष्ठा व लगन से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न व उपहार देकर शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत्त किया। इसके अतिरिक्त ऑफिसर एसोसिएशन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा भी सेवानिवृत हो रही तीनों अधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।




भिवानी। सेवानिवृति पर स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## लंबित समस्याओं को लेकर किया मंथन

- बकाया मुआवजे को लेकर भाकियू ने वि दिया प्रस्तावित स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

भाकियू पदाधिकारियों ने विधायक उमेद पातुवास से मुलाकात कर कृषि सिंचाई के लिए संचालित ट्यूबवैलों पर प्रस्तावित स्मार्ट मीटरों को लगाने की योजना का विरोध करने व बकाया मुआवजा जारी करने की मांग की। विधायक ने किसानों की मांगों को लेकर तत्परता बरतने का आश्वासन देते हुए जल्द समाधान करने के लिए सांसद के साथ सीएम से मुलाकात करवाने का फैसला लिया। विधायक उमेद पातुवास के आवास पर भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा की अध्यक्षता में पहुंचे किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके बकाया करोड़ों के मुआवजे व अन्य समस्याओं को लेकर 24 जुलाई को सीएम के साथ वार्ता हुई थी और मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी ने दो माह में सारी समस्या का समाधान करवाने का भरोसा दिया था लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है जिससे किसानों को मजबूरीवश धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। बिजली विभाग कृषि क्षेत्र से स्लैब प्रणाली को खत्म करने की योजना बना रही है और कुओं पर स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है जो न्यायसंगत नहीं है। प्रदेश के किसानों ने लंबा संघर्ष कर लेट रेट बहाल करवाए थे और अब सरकार को किसी सूरत में किसानों के ट्यूबवैलों को निजि हाथों में नहीं जाने देंगे। सरकार एक तरफ तो किसानों के कल्याण का दावा कर रही है जबकी दूसरी तरफ बीमा कंपनियां व अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी किसानों के कल्याण के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे किसानों में रोष बना हुआ है।

### जल्द समाधान का दिया आश्वासन

उमेद पातुवास ने कहा कि वह सदैव किसानों की मांगों को लेकर तत्परता बरतते हैं और उनको आश्वासन देते हुए जल्द समाधान करने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक सुनील सांगवान के साथ विशेष बैठक करने व प्रदेश के सीएम से मुलाकात करवाने का फैसला लिया। उनके साथ भाकियू महासचिव राधेश्याम शर्मा, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, सतबीर बाढडा, कमल सिंह हड़ौदी आदि मौजूद रहे।

**खेल** | भिवानी में बैडमिंटन के महाकुंभ का आगाज : 200 शटलर्स दिखा रहे दमखम

# अंडर-17 आयु वर्ग में हर्ष व विश्वजीत तथा अंडर-15 में जयंत और खुशहाल रहे विजेता

- खेल ही युवाओं को सही दिशा और अनुशासन देते है : बृजलाल सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी के तत्वावधान में भीम स्टेडियम स्थित आधुनिक बैडमिंटन हॉल में 4 दिवसीय भिवानी जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का भव्य आगाज हो गया है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी बृजलाल सर्राफ ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर किया। आगामी 31 मई तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में पूरे जिले से आए खिलाडियों का जोश और उत्साह देखने लायक है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए प्रख्यात समाजसेवी बृजलाल सर्राफ ने युवा खिलाडियों का हौसला बढ़ाया और इस आयोजन की सराहना की। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि भिवानी की माटी ने हमेशा देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं। खेल केवल मेडल जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, कड़ा परिश्रम और टीम भावना सिखाता है। इस तरह के जिला स्तरीय आयोजन हमारे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छुपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए बेहतरीन मंच हैं।



भिवानी। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले खिलाड़ियों के बीच पहुंचे मुख्यअतिथि।

**जूनियर मुकाबलों में रोमांचक प्रदर्शन**

चैंपियनशिप में जिले भर से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के पहले दिन जूनियर वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, सटीक स्मैश और बेहतरीन ड्रॉप शॉट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप के पहले दिन अंडर-17 आयु वर्ग की सिंगल्स स्पर्धा के बालक वर्ग हर्ष सिवाच ने वीर सांगवान को शिकस्त दी। वहीं एक अन्य रोमांचक मैच में विश्वजीत तंवर ने हर्ष तंवर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वही बालक वर्ग की अंडर-15 सिंगल में जयंत चौधरी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए पर्थ सैनी पर जीत दर्ज की।

**खबर संक्षेप**



### विश्व शांति के लिए हवन किया और छबील लगाई

**भिवानी।** संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट ने ढाना नरसान रोड पर अखिल भारत स्वदेशी दिवस के उपलक्ष्य में विश्व शांति, मानव कल्याण, पर्यावरण शुद्धि एवं देश में सुख-समृद्धि की कामना को लेकर विधिवत हवन यज्ञ एवं मीठे पानी की छबील का आयोजन किया। ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य दलबीरानंद महाराज ने कहा कि स्वदेशी अपनाना समय की आवश्यकता है। आचार्य ने कहा कि भारत की संस्कृति, परंपरा और स्वदेशी विचारधारा पूरे विश्व को शांति और मानवता का संदेश देती है, हमें विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कारों और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का आह्वान किया। आचार्य दलबीरानंद ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को सेवा, सहयोग और मानवता की प्रेरणा देते हैं।

### सीबीएलयू ने समय से पूर्व परिणाम किया घोषित

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि. भिवानी द्वारा छठे सेमेस्टर का परिणाम निर्धारित समय से पूर्व घोषित किया जाना शिक्षा जगत में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इस प्रकार समयबद्ध एवं अपेक्षा से पहले परिणाम जारी कर विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नेतृत्व दूरदर्शी, संवेदनशील एवं कर्मठ हो तो प्रशासनिक कार्यों में नई मिसालें स्थापित की जा सकती हैं। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने विवि की कुलगुरु प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व, सकारात्मक सोच एवं प्रभावी प्रशासनिक कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जब अनेक विश्वविद्यालय अभी तक अपने परीक्षा परिणाम घोषित नहीं कर पाए हैं, ऐसे समय में सीबीएलयू द्वारा विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय से पूर्व परिणाम जारी करना वास्तव में प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय कदम है।


प्राचार्य डॉ. संजय गोयल

### सोमनाथ तीर्थयात्रा के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जरूरी

**चरखी दादरी।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ गुजरात के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन में यात्रा करने के ईच्छुक पात्र लोगों के लिए चिकित्सक से सत्यापित स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना जरूरी होगा। साथ ही यात्रा के दौरान नशा करने वालों पर भी पाबंधी रहेगी। यही नहीं यात्रा पर धूम्रपान भी वर्जित रहेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को कुरुक्षेत्र से झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। इस यात्रा के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से 6 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं।

## राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाएगा शिविर

# प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भिवानी में अहम बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

- 30 एवं 31 मई को पट्टी कल्याण समालखा में आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** भाजपा की आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

आगामी 30 एवं 31 मई को पट्टी कल्याण समालखा में आयोजित होने वाले भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को अंतिम रूप देना और भिवानी जिले से जाने वाले कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करना रहा। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पदाधिकारियों की गंभीरता से ड्यूटियां लगाईं।

पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग हमारे संगठन की वैचारिक सुदृढ़ता और कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता को निखारने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है।

30 और 31 मई को पट्टी कल्याण (समालखा) में आयोजित होने वाले इस वर्ग में भाग लेने वाले भिवानी जिले के सभी कार्यकर्ता समय की पाबंदी, कड़े अनुशासन और संगठन की गरिमा का विशेष ध्यान रखें। हम सभी की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपनी सहभागिता को पूरी तरह से अनुशासित और आदर्श बनाएं। दो दिवसीय इस प्रांतीय शिविर में भिवानी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। इस प्रवास को सुव्यवस्थित करने के लिए जिला अध्यक्ष ने विकेंद्रीकृत प्रबंधन नीति अपनाते हुए सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी। भिवानी से पानीपत (समालखा) तक कार्यकर्ताओं के सुरक्षित, समयबद्ध और आरामदायक आवागमन की जिम्मेदारी एक विशेष विंग को दी गई है। पट्टी कल्याण में दो दिनों के प्रवास के दौरान भिवानी के कार्यकर्ताओं के ठहरने के लिए सटीक कमरों और विश्राम स्थलों का आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा।

**कंट्रोल टीम बनाई**

शिविर स्थल पर कार्यकर्ताओं के खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की देखरेख के लिए पदाधिकारियों की सीधी ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी प्रकार की असुविधा या सांगठनिक सूचना के त्वरित आदान-प्रदान के लिए एक कंट्रोल टीम बनाई गई है। कौशिक ने कहा कि शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा, सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रचार-प्रसार और आगामी राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए जाएंगे।

## भैरवी में राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद ने ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई

- भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए अमृत बनी कंवर साहेब की शिक्षाएं



**चरखी दादरी।** आसमान से बरसती आग, चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली लू से आम जनजीवन बेहाल है, वहीं वीरों की नगरी दादरी की पावन धरा पर मानवता और सेवा का अनुपम उदाहरण देखने को मिल रहा है। चरखी दादरी के गांव भैरवी में राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद द्वारा राहगीरों और श्रद्धालुओं को भीषण तपिश से राहत दिलाने के लिए ठंडे व मीठे पानी की छबील अभियान की शुरुआत की। सेवादार प्रदीप सांगवान के नेतृत्व में शुरू हुआ परोपकारी अभियान 10 जून तक निरंतर जारी रहेगा, ताकि तपती गर्मी में कोई भी मुसाफिर प्यासा न रहे। यह छबील पूरी तरह से राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद के संत कंवर साहेब महाराज की पावन शिक्षाओं को समर्पित है। कंवर साहेब हमेशा से ही जीवों पर दया करने, भूखे को अन्न और प्यासे को पानी पिलाने जैसी परमार्थ की राह दिखाते आए हैं, उन्हीं के वचनों एवं आदर्शों पर चलते हुए सेवादारों ने पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया है। सेवादारों ने गाड़ी, बाइक सवार व पैदल यात्रियों को रोक-रोककर ठंडा, मीठा व शुद्ध पेयजल पिला रहे हैं। गर्मी से बेहाल लोगों के लिए शीतल जल किसी अमृत से कम साबित नहीं हो रहा है।

### हलवासिया विद्या विहार के कैडेट्स ने जीत के साथ बनाई हैट्रिक

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के एनसीसी कैडेट्स ने श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल सिवानी में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-167 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के ट्रूप का नेतृत्व एएनओ. द्वितीय ऑफिसर सव्य सचिन भारद्वाज ने किया। शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जूनियर विंग 'सोलो सॉन्ग' प्रतियोगिता में अफ्शीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि जूनियर डिवीजन 'सोलो सॉन्ग' में जतिन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 'ग्रुप सॉन्ग' में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**नई अनाज मंडी परिसर में होगा कार्यक्रम**

## स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के साथ मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की तैयारियों की समीक्षा

**चरखी दादरी।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष भारत सरकार की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के तहत जिला, ब्लाक और ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को प्रात 7 बजे नई अनाज मंडी परिसर में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जुड़ने के लिए जागरूक किया जाए।

## स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से नागरिकों को मिलेगा बेहतर इलाज : विधायक

- सभी प्रमुख अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उन्नत डायग्नोस्टिक मशीनें की जा रही हैं स्थापित :उमेद पातुवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** सीटी स्कैन मशीन व सशक्त नारी सुदृढ़ परिवारी क्लीनिक का शुभारंभ विधायक उमेद पातुवास। फोटो : हरिभूमि

नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ और सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। विधायक उमेद पातुवास ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीसी से परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम में बोलते हुए विचार रखे। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उन्नत डायग्नोस्टिक मशीनें जैसे सिटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और बेहतर लैब सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं, ताकि बीमारियों की जांच समय पर और सटीकता से हो सके।

आपातकालीन और ट्रॉमा केयर यूनिट्स को अपग्रेड किया गया है। अब विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ की टीम 24 घंटे मरीजों की सेवा के लिए मुस्तैद रहती है। मरीजों के मेडिकल रिकॉर्ड को डिजिटल किया जा रहा है, जिससे वे किसी भी केंद्र पर आसानी से अपना पुराना इलाज देख सकेंगे। जिला परिषद के चेयरमैन मंदीप डालावास ने कहा कि सरकार की ओर से सभी नागरिक अस्पतालों में आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया गया है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में हर सप्ताह मुफ्त स्वास्थ्य जांच, परामर्श और जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### शिविर में चिन्हित 22 मरीजों का किया आंखों का ऑपरेशन

**बहल।** गोसेवक स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल की 11वीं पुण्यतिथि पर जीटी हॉप फाउंडेशन ने गत 24 मई को नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया था। इन मरीजों का शुक्रवार को मानव कल्याण अस्पताल बहल में मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श दिया। पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने अस्पताल में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना।

उन्होंने चिकित्सकों की टीम एवं सहयोगकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय ताराचंद अग्रवाल हमेशा समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित रहे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए वे जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

## योगयुक्त संदेश के साथ-साथ 12वां योग दिवस कार्यक्रम करेगा नशे पर प्रहार: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 21 जून को भीम स्टेडियम स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया जाएगा।

योग युक्त संदेश के साथ-साथ 12वां योग दिवस कार्यक्रम नशे पर प्रहार करेगा। योग दिवस कार्यक्रम में खेल विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक संस्थाओं के अलावा सभी वर्गों की भागीदारी होगी। 15 जून को योग दिवस के प्रति जागरूकता के लिए योगा मैराथन का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस की पॉयलेट रिहर्सल 20 जून को होगी। जिला स्तर के अलावा उप मंडल स्तर, ब्लॉक स्तर और प्रत्येक व्यायामशालाओं में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग दिवस स्वस्थ वृद्धावस्था, योगयुक्त -नशा मुक्त तथा हर घर योग-हर दिन योग थीम पर आधारित होगा। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से 12 वें योग दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी गुप्ता ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रमों में विशेषकर स्कूल शिक्षा विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग की भागीदारी रहेगी।

**पोर्टल पर करना होगा अधिक से अधिक पंजीकरण**

डीसी ने बताया कि योग दिवस में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डबलूडबलूडबलूइंटरनेशनलयोगाडेएचआरवाईडॉटइन पर पंजीकरण करना होगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को स्वयं के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों व जन प्रतिनिधियों का अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाने को कहा।

**एसडीएम होंगे नोडल अधिकारी**

डीसी ने उपमंडल स्तर, ब्लॉक स्तर और ग्रामीण अंचल में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों के लिए एसडीएम अन्य विभागों से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाएंगे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर योग दिवस पर दस हजार पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पांच हजार पौधे 21 जून को योग दिवस पर लगाए जाएंगे। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय और पंचायत विभाग को पौधारोपण के लिए उचित जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए।

### समर कैंप बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारना का मंचः राजबीर


**भिवानी।** सरस्वती विद्या विहार आसलवास दूबिया में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए अनेक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, रंग-बिरंगी कलाकृतियों और सृजनात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारना तथा उनके आत्मविश्वास एवं रचनात्मक सोच को विकसित करना रहा। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने प्रकृति के प्रति अपने प्रेम और कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। बच्चों की बनाई गई रंग-बिरंगी तितलियाँ सभी के आकर्षण का केंद्र बनीं। विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक श्रेष्ठ माध्यम है।

## सरकार नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध : राजेश नागर

*डीआरडीए सभागार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ और बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने चार करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्वास्थ्य परियोजनाओं का किया शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में परियोजनाओं का शुभारंभ करवाते हुए।

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर नागरिक को बेहतर से बेहतर व सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री नागर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में चिकित्सा परियोजनाओं का शुभारंभ के अवसर पर अपना संदेश दे रहे थे। यहां पर मंत्री नागर, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ और बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने जिला में चार करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रदेशभर की करीब 100 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का वीसी के माध्यम से पंचकूला से शुभारंभ किया, जिसका सीधा प्रसारण स्थानीय डीआरडीए सभागार में दिखाया गया। भिवानी जिले की कुल करीब 4 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित तीन ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और चार ब्लॉक सब हेल्थ सेंटर शामिल हैं।

जिले में कैरु, बवानी खेड़ा और लोहारू की पब्लिक हेल्थ यूनिट तथा गोपालवास, नूनसर, बहल और पातवान में नवनिर्मित सब हेल्थ सेंटर का शुभारंभ किया गया। भिवानी स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में महिला क्लीनिक की सौगात मिली।

### डॉ. अर्चना की नियुक्ति से भाजपा संगठन को मिलेगी नई दिशा


**भिवानी।** डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्षा बनाने पर एक-दूसरे का मीठा मुंह करवाते भाजपाई।

**भिवानी।** डॉक्टर अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। डॉक्टर अर्चना को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर पूरे प्रदेश के संगठन में नई ऊर्जा संचारित होगी, उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने डॉक्टर अर्चना गुप्ता को बधाई एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहे।

वधवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के मार्गदर्शन एवं डॉक्टर अर्चना गुप्ता के कुशल नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन नई ऊर्जा, मजबूती और जनविश्वास के साथ निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। वधवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नायाब नेतृत्व एवं संगठनात्मक समन्वय से प्रदेश निरंतर नॉनस्टॉप विकास एवं जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## संगठन की मजबूती के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं की पहचान जरूरी: जोगी

# प्रताप सरपंच बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष , कार्यालय में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** प्रताप सिंह सरपंच को राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन का जिलाध्यक्ष बनने पर सम्मानित करते कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व अन्य।

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सरपंच प्रताप सिंह का शुक्रवार को रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाईं और मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं का भारी उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि प्रताप सिंह पिछले कई वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। गुलिया ने कहा कि प्रताप सिंह ने हमेशा जमीनी स्तर पर जाकर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया है और संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी नियुक्ति से न केवल राजीव गांधी पंचायती राज संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

**कांग्रेस की विचारधारा को मिलेगी मजबूती**

जोगी ने उम्मीद जताई कि प्रताप सिंह ग्रामीण और पंचायती राज स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। सरपंच प्रताप सिंह ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया। प्रताप सिंह ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पंचायती राज संस्थाओं में कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करना और गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को उठाना व उनके समाधान के लिए संघर्ष करना होगा। इस अवसर पर ईश्वर प्रधान, दिनेश शास्त्री, बलबीर सरोहा आदि मौजूद रहे।

## श्रीश्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब


श्रीश्याम मंदिर में श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु।

**भिवानी।** बीटीएम चौक स्थित श्रीश्याम मंदिर के 18वें स्थापना दिवस पर मंदिर परिसर एवं तोरण द्वार पर धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया। इस विशेष दिन को मनाने के लिए सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष रूप से तोरण द्वार पर भक्तों के लिए खीर के प्रसाद का वितरण किया। मंदिर के संस्थापक घनश्याम शर्मा ने कहा कि बाबा श्रीश्याम की असीम अनुकंपा से भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी।

उन्होंने कहा कि बाबा की ऐसी अलौकिक कृपा रही है कि देखते ही देखते मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैल गई। आज देश के कोने-कोने से भक्त यहां आकर बाबा के चरणों में शीश नवाते हैं, ध्वजा चढ़ाते हैं और मनवांछित फल पाते हैं। भक्तों की अटूट आस्था एवं सहयोग का परिणाम है कि आज मंदिर परिसर के साथ-साथ भव्य श्रीश्याम बाबा का तोरण द्वार और हरियाली से भरपूर श्याम वाटिका का भी निर्माण संभव हो सका है। बाबा श्याम साक्षात कलयुग के अवतारी हैं, जो अपने हर भक्त की झोली खुशियों से भर देते हैं।

**सूचना**

मैं, जोगिंदर सिंह पुत्र श्री राजेंद्र सिंह निवासी गाँव खुडाना तह. व जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूँ मेरे सभी दस्तावजो में मेरी पत्नी का नाम बबीता देवी दर्ज है। जबकि मेरी पत्नी के सभी दस्तावेजों में बबीता है। अब में मेरे सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी के दस्तावेजों के अनुसार मेरी पत्नी का नाम बबीता दर्ज करवाना चाहता हूँ। जो की सही व दुरुस्त है।

## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल केबल चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**बहल।** बहल थाना पुलिस ने खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनजीत निवासी कंवरपुरा, जिला सिरसा तथा पवन निवासी बरवाला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को चोरी की वारदातों में संलिप्तता के आधार पर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बुशान निवासी राजेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 मई की रात उनके खेत में लगे ट्यूबवेल की केबल चोरी कर ली गई। शिकायत मिलने के बाद थाना बहल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुख्य सिपाही देवेंद्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने तोशाम, लोहारू, जुई, बवानी खेड़ा, सिवानी और बहल क्षेत्र में कई चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है।

### बिना नंबर की पिकअप से अवैध शराब बरामद

**बहल।** स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की पिकअप से भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद की है। पुलिस ने मौके से आरोपी अमित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। हेड कांस्टेबल तेजपाल अपनी टीम के साथ पिलानी रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की बिना नंबर पिकअप झुप्पा रोड बहल से अवैध शराब लेकर सौरड़ा कदीम की ओर जाएगी। पुलिस ने गुर्जर धर्मशाला के पास नाकाबंदी कर वाहन को रोक लिया। तलाशी के दौरान पिकअप से देशी शराब की 30 पेटियां, अद्धा की 10 पेटियां, पव्वा की 5 पेटियां और करीब 27 पेटियां बीयर बरामद हुईं। आरोपी वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### महाराजा अरूट जयंती आज, होंगे कार्यक्रम

**भिवानी।** अरोड़ वंश के संस्थापक महाराजा अरूट की जयंती 30 मई को मनाई जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व वीसी मार्कण्डेय आहुजा और वीसी प्रोफेसर सुरेन्द्र गख्खड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे । समारोह की तैयारियों को लेकर कृष्णा कॉलोनी में पूर्व खेल अधिकारी दर्शन मीढ़ा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। आयोजकों ने बताया कि जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, शपथ ग्रहण समारोह तथा रक्तदान शिविर आयोजित होगा। 2025-26 में बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और सामाजिक व सरकारी सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

कष्ट निवारण समिति की बैठक में की 14 परिवादों की सुनवाई

# मंत्री नागर ने किया आयुष्मान के नोडल अधिकारी को सस्पेंड

*मंत्री नागर ने मामले की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन और कष्ट निवारण समिति की दो महिला गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए*



भिवानी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पंचायत भवन में आयोजित जिला लोकसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 14 परिवादों की सुनवाई करते हुए प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने आयुष्मान पैनल के निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरतने के मामले में मरीज द्वारा उन पर मामले को रफा दफा करने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान का कार्य देख रहे नोडल अधिकारी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। मंत्री नागर ने इस मामले की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन और कष्ट निवारण समिति की दो महिला गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी का गठन करने के साथ-साथ अस्पताल का आयुष्मान पैनल से लाइसेंस भी रद्द किए जाने के निर्देश दिए। मंत्री ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाएं। पेयजल से संबंधित नागरिकों की समस्याएं प्राथमिकता से सुनी जाएं। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, डीसी साहिल गुप्ता, एसएसपी सुमित कुमार मौजूद रहे।

### नौ परिवाद निपटाए

बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से 9 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 5 को अगली बैठक तक लंबित रखा गया। खाद्य एवं आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने भिवानी निवासी भगवानदास के सीवरेज ठप संबंधित परिवाद की सुनवाई करते हुए जन स्वास्थ्य अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या का समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज लाइन ठप होने की शिकायत पर कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी का गठन करते हुए 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों के पेयजल से संबंधित शिकायतों के फोन जरूर उठाएं और उन पर त्वरित कार्रवाई करें। भिवानी निवासी सुभाष के पुराने परिवाद की सुनवाई करते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन को अतिशीघ्र उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। फैंसी चौक भिवानी निवासी धर्मसिंह के निजी अस्पताल में उपचार में लापरवाही बरतने पर हुई मौत के मामले की सुनवाई करते हुए बोर्ड का गठन कर 15 दिन के अंदर कार्रवाई के निर्देश दिए। हुनमान गेट भिवानी निवासी संतोष के बेटे की मौत के मामले में कष्ट निवारण समिति की दो महिला सदस्यों को कमेटी में शामिल कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भिवानी निवासी केके वर्मा के महम रोड पर पौधारोपण से संबंधित परिवाद की सुनवाई में वन विभाग को पर्याप्त संख्या में पौधारोपण करने के निर्देश दिए।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम महेश कुमार, सीटीएम अनिल कुमार, सिवानी की एसडीएम विजया मलिक, तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार, सीएमजीजीए रिषव रंजन, डिप्टी सीईओ रविन्द्र दलाल, डीएसपी अनूप कुमार, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, सीएमओ डॉ रघुवीर शांडिल्य, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप प्रजापत व रमेश पचेरवाल, गैर सरकारी सदस्य एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, शीशराम चेयरमैन, बबीता तंवर, सीमा बंसल, राम अवतार सहित कष्ट निवारण समिति के विभिन्न गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।



भिवानी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत सुनते मंत्री अरविन्द शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## लोगों के कार्य को दें प्राथमिकता, किसी को नहीं काटने पड़ें चक्कर: डॉ. अरविंद

*सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने की कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता*

**चरखी दादरी।** किसी भी सूरत में लोगों को सरकारी कार्यालय के चक्कर काट कर परेशान ना होना पड़े। केंद्र और हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित करें। अगर किसी व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो उसका कारण पता करके पात्र व्यक्ति को लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्अ निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 12 साल पूरे हो रहे हैं और कुछ समय बाद हरियाणा सरकार के भी 12 साल पूरे होंगे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि विभिन्न सार्वजनिक पर योजनाओं की जानकारी से संबंधित साइन बोर्ड भी लगाए जाएं। जिले में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उनमें निर्माण सामग्री उच्च गुणवत्ता की हो। साथ ही समय-समय पर उस परियोजना को चेक भी करवाएं। अगर कोई परियोजना पूरी हो चुकी है और उसमें कोई त्रुटि मिलती है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

#### अधिकारी बिजली व पानी की समस्याओं का गंभीरता से लें

बैठक में विधायक उमेद पातुवास ने अधिकारियों को बिजली और पानी की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली और पानी सबसे जरूरी सुविधाएं हैं तथा जिले में बिजली संबंधी शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में सरकार का पैसा खर्च होता है और पूरा प्रशासन मौजूद रहता है। आपात स्थिति को छोड़कर किसी भी अधिकारी को बैठक के दौरान अवकाश की अनुमति नहीं होगी। बैठक में सुनवाई के लिए रखी गई 12 शिकायतों में से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के निर्देश अगली बैठक से पहले दिए गए। मंत्री ने कुलवंत सिंह फोगाट और अजीत सिंह की शिकायत पर दोबारा पैमाइश के आदेश दिए। डुडीवाला नंदकरण निवासी रामस्वरूप की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग को महीने के भीतर भुगतान करने और खेत का लेवल करवाने के निर्देश दिए गए। इमलोटा के युद्धवीर सिंह की शिकायत पर निर्माण कार्य और सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए एसडीएम दादरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के आदेश दिए गए।

# बूंदाबांदी से ओवरहीट होते ट्रांसफार्मरों को मिला जीवनदान

## दस मिनट की बूंदाबांदी से निगम की बची 65 लाख यूनिट बिजली, पारा भी गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



*जिले में पांच मई को 57.26 करोड़ यूनिट बिजली की खपत रोज हो रही थी ■ दो सप्ताह बाद यह बढ़कर 95.1 करोड़ यूनिट पर पहुंच गई ■ 26 मई को और भी बढ़कर 101.75 करोड़ यूनिट पर पहुंच गई*

भले ही ज्यादा बारिश न हुई हो,लेकिन हलकी बूंदाबांदी ने शिखर पर पहुंचे पारे पर ऐसी चाबुक की मार पड़ी कि वह धड़ाम से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं बूंदाबांदी से पॉवर हाऊस में ओवरहीट होते ट्रांसफार्मरों को जीवनदान मिल गया। चूंकि ज्यादा गर्मी व बढ़ते लोड की वजह से ट्रांसफार्मर भी घुटने टेक रहे थे। साथ ही पारा नीचे आते ही एकदम जिले में करीब 65 लाख यूनिट की बचत हो गई। जो कि करोड़ों यूनिट रोजाना खर्च हो रही थी। बूंदाबांदी से लोगों को ही नहीं विद्युत निगम ने भी राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार जिस वक्त गर्मी ने जोर पकड़ा । उस वक्त भिवानी जिले में पांच मई को करीब 57.26 करोड़ यूनिट बिजली की खपत रोजाना हो रही थी। उसके दो सप्ताह बाद गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया तो यह 95.1 करोड़ यूनिट पर पहुंच गया। विद्युत निगम ने सौंचा कि जल्द ही पारा नीचे उतर आएगा,लेकिन गर्मी के साथ पारे के भी नखरे बढ़ते चले गए। जिस वजह से 26 मई को यह आंकड़ा बढ़ कर 101.75 करोड़ युनिट पर पहुंच गया। इतनी बिजली की खपत होने की वजह से ट्रांसफार्मरों की सूई लाल रंग में पहुंच गई। निगम को ट्रांसफार्मरों को ओवरहीट से बचाने के लिए उनके पास कूलर लगा दिए और एक निर्धारित समयावधि में बिजली के कट भी लगाने शुरू कर दिए। ताकि ट्रांसफार्मरों में कोई फाल्ट न हो पाए। उसके बाद बीती देर शाम तेज अंधड़ के साथ हलकी बूंदाबांदी आई तो बिजली की खपत एकदम घट कर 101.10 करोड़ यूनिट पर आ गई। खपत घटने व पारा नीचे आने की वजह से निगम के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चूंकि ट्रांसफार्मरों को ओवरहीट से बचाने के लिए बूंदाबांदी सबसे महत्वपूर्ण रही।

### गर्मी से राहत मिली

बीती शाम तेज हवा के साथ हलकी बूंदाबांदी से पारा एकदम औधे मुंह गिरा। पारा 45 डिग्री सेल्सियस से लूढ कर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिस वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले कई दिनों से गर्मी से हर कोई बेहाल था। बीती रात हुई हलकी बारिश ने पारे को उसकी औकात में ला दिया। जिस वजह से मौसम में ज्यादा गर्मी नहीं बनी। सुबह व शाम के वक्त मौसम सुहावना बना रहा।

# बहल इलाके में अंधड़ से गिरे ट्रांसफार्मर और बत्ती रही गुल



**बहल।** वीरवार रात को आए तेज आंधी, तूफान और बारिश से बहल क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी से विभिन्न जगहों पर सड़क किनारे खड़े पेड़ सड़क पर जा गिरे जिससे यातायात प्रभावित रहा। वही, बिजली निगम को आंधी से भारी नुकसान हुआ।

वीरवार रात को बिजली निगम के करीब 340 पोल टूट कर जा गिरे। इसके अलावा विभिन्न फीडरों को सप्लाई देने के लिए लगे करीब 50 ट्रांसफारमर जमीन पर गिर कर क्षतिग्रस्त हो गए। निगम एसडीओ ऋषभ ने बताया कि आंधी से गिरे पोल, ट्रांसफारमर से निगम को करीब 20 लाख रुपये से ज्यादा के नुकसान होने का अनुमान है। बिजली निगम की टीमें वीरवार रात से भी लाइन को सुधारने के काम में जुटी है। पोल, ट्रांसफारमर गिरने से कस्बे की बिजली व पेयजल आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। वीरवार रात को गुल हुई बिजली शुक्रवार तक बहाल नहीं हो पाई। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लगाए गए इनवर्टर भी शुक्रवार सुबह ही जवाब दे गए। शुक्रवार को दिन में लोगों को भारी उमस और गर्मी में दिन गुजारना पड़ा। बिजली निगम की तरफ से सोशल मीडिया पर शाम 4 बजे तक का समय निर्धारित किया था। करीब 4 बजे बिजली आई तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : मैन रोड, नजदीक बस स्टैंड, पुरानी एल.आई.सी. वाली गली, चरखी दादरी
9050035973, 8930848242



## संघ प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त चेयरमैन का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन धूपड़ ने संघ प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान कराएंगे ■ संघ ने मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं*

हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के नेतृत्व में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन एडवोकेट शंकर लाल धोपड़ का गर्मजोशी से स्वागत किया। संघ प्रतिनिधिमंडल ने बोर्ड कार्यालय पर नवनियुक्त चेयरमैन को फूलों के बुक्के भेंट कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू व पैट्रन तेलूराम रामायणवाला ने कहा कि वे बहुत ईमानदार, काम के प्रति लग्नशील व स्पष्टवादिता के धनी है। नवनियुक्त चेयरमैन धूपड़ ने संघ प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराएंगे।

### ये रहे मौजूद

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू के साथ पैटर्न तेलूराम रामायणवाला, प्रदेश सचिव प्रदीप पूनिया, भिवानी जिला प्रधान सतीश तंवर,ताराचंद बवानीखेड़ा,नरेश गोरा,प्रशांत तंवर,हांसी ग्रामीण प्रधान कुलदीप यादव,सुशील रंगा,पूर्व जिला प्रधान प्रदीप यादव व महावीर यादव,बीर सिंह ,धर्मबीर,प्रदीप,दयानंद बाजल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
द्वारा आयोजित
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
NO SMOKING
NO TOBACCO
जन-जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक: 31 मई 2026, रविवार
समय: प्रात: 8.00 बजे
स्थान: बस स्टैण्ड, भिवानी
हर सांस अनमोल है तम्बाकू से दूरी रखें
स्वस्थ व्यक्ति | स्वस्थ परिवार
स्वस्थ समाज | स्वस्थ भारत
आज का संकल्प, कल का सुरक्षित भविष्य
आइए मिलकर तम्बाकू मुक्त समाज बनाएं और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य दें
तम्बाकू के दुष्प्रभाव
फेफड़ों को नुकसान
हृदय रोग का खतरा
कैंसर का कारण
परिवार पर बुरा प्रभाव
दांतों और मसूड़ों को नुकसान
आइए, हस्ताक्षर करें और तम्बाकू मुक्त समाज का संकल्प लें
Sponsor
प्यारे लाल जगन्नाथ सर्राफ
बृजलाल सर्राफ
हालू बाजार, भिवानी
3, कोहाट एनक्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली
CHINAR PLUS
वर्धमान ज्वैलर्स
GD GOENKA PUBLIC SCHOOL Bhiwani
Thrive. For Life.
NJ NOOR JEWELLERS
Jain Chowk Road, Bhiwani, 9812656550